SAFF चैंपियनशिप 2023

हाल ही में भारत ने **बंगलूरु, कर्नाटक** में आयोजित **दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) चैंपियनशिप 2023** में कुवैत को हराकर अपना **9वाँ खिताब** हासिल किया।

SAFF चैंपियनशिप:

- **परिचय:**
  - SAFF चैंपियनशिप एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त फुटबॉल टूर्नामेंट है जो दक्षिण एशियाई उपमहाद्वीप की टीमों को एक मंच पर लाता है। यह दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) द्वारा आयोजित एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) के तहत पाँच उप-संघों में से एक है।
    - **SAFF** का गठन **वर्ष 1997** में **बांग्लादेश, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका** के सदस्य संघों की स्थापना करके किया गया था।
    - वर्तमान में SAFF सचिवालय **ढाका, बांग्लादेश** से संचालित होता है।
- **उत्पत्ति और विकास:**
  - **संस्थापक सदस्य:**
    - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और मालदीव।
  - **विस्तार:**
    - भूटान इसमें वर्ष 2000 में सम्मिलित हुआ, जबकि अफगानिस्तान वर्ष 2015 में **मध्य एशियाई फुटबॉल एसोसिएशन (CAFA)** में शामिल होने से पहले वर्ष 2005 में इसका सदस्य बना।
  - **विकास:**
    - दक्षिण एशियाई फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत **वर्ष 1993 में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC) गोल्ड कप के रूप में हुई।**
    - बाद में वर्ष 1995 में इसका नाम बदलकर **दक्षिण एशियाई गोल्ड कप** कर दिया गया और **वर्ष 1997 से वर्ष 2005 तक यह परिवर्तित होकर SAFF गोल्ड कप बन गया।**
    - **वर्ष 2008 से इसे SAFF चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता है।**

भारत का प्रदर्शन:

- **पुरुष SAFF चैंपियनशिप:**
  - भारत **टूर्नामेंट में पावरहाउस (अर्थात् एक ऐसी टीम जिसे अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ माना जाता हो)** रहा है और यह वर्ष 2003 को छोड़कर सभी संस्करणों में फाइनल तक पहुँचा है।
  - भारत ने 14 संस्करणों में से **नौवीं SAFF चैंपियनशिप** जीती।

//

Men's SAFF Championship winners list

Edition	Winner	Runners up
Lahore 1993	India	Sri Lanka
Colombo 1995	Sri Lanka	India
Kathmandu 1997	India	Maldives
Goa 1999	India	Bangaldesh
Dhaka 2003	Bangladesh	Maldives
Islamabad 2005	India	Bangladesh
Colombo and Male 2008	Maldives	India
Dhaka 2009	India	Maldives
New Delhi 2011	India	Afghanistan
Kathmandu 2013	Afghanistan	India
Thiruvananthapuram 2015	India	Afghanistan
Dhaka 2018	Maldives	India
Male 2021	India	Nepal
Bengaluru 2023	India	Kuwait

- **महिला SAFF चैंपियनशिप:**
  - भारत ने SAFF चैंपियनशिप में सफलता हासिल की है, इसने वर्ष 2010 में उद्घाटन संस्करण जीता और उसके बाद 2012, 2014, 2016 तथा वर्ष 2019 में जीत हासिल की।

Women's SAFF Championship winners list

Edition	Winner	Runners up
Cox's Bazar 2010	India	Nepal
Colombo 2012	India	Nepal
Islamabad 2014	India	Nepal
Siliguri 2016	India	Bangladesh
Biratnagar 2019	India	Nepal
Kathmandu 2022	Bangladesh	Nepal

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/saff-championship-2023